

# आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–
   - (क) भाषा किसे कहते हैं? इसके कितने रूप होते हैं?
   - (ख) लिपि किसे कहते हैं?
   - (ग) भाषा में व्याकरण की क्या उपयोगिता है?

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–
   - (क) भाषा के शुद्ध रूप और सही प्रयोग का ज्ञान कराने वाले शास्त्र को __व्याकरण__ कहते हैं।
   - (ख) जब हम अपने मन के भावों को __संकेतों__ के माध्यम से व्यक्त करते हैं तो उसे सांकेतिक भाषा कहते हैं।
   - (ग) भावों और विचारों के __आदान-प्रदान__ के समर्थ माध्यम को ही भाषा कहते हैं।
   - (घ) __हिन्दी__ हमारी राष्ट्रभाषा है।
   - (ङ) हिंदी में सामान्य रूप से वाक्य में पहले कर्ता, फिर कर्म और अंत में __क्रिया__ आती है।

3. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखो–

| | |
|---|---|
| (क) किसी राष्ट्र के संपूर्ण क्षेत्र में प्रयुक्त होने वाली भाषा | राष्ट्रभाषा |
| (ख) बोलकर अपने विचार प्रकट की जाने वाली भाषा | मौखिक भाषा |
| (ग) लिखकर व्यक्त की जाने वाली भाषा | लिखित भाषा |
| (घ) संकेतों के माध्यम से व्यक्त की जाने वाली भाषा | सांकेतिक भाषा |
| (ङ) वर्णों के आकार, उच्चारण, वर्णों के मिलने से शब्द निर्माण आदि का अध्ययन | शब्द विचार |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ-
   - (क) लिखित भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण है। मौखिक भाषा की छोटी इकाई है-
     - (अ) स्वर ☐ (ब) व्यंजन ☐
     - (स) ध्वनि ☑ (द) शब्द ☐
   - (ख) कौन-सा मौखिक भाषा का उदाहरण नहीं है?
     - (अ) रेडियो वार्ता ☐ (ब) भाषण ☐
     - (स) समाचार-पत्र ☑ (द) टेलीफोन पर बात ☐

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(क) य्, र्, ल्, व् ___अंतःस्थ___ व्यंजन हैं।

(ख) ___स्वर___ का उच्चारण स्वतंत्र रूप से होता है।

(ग) जिन वर्णों का उच्चारण रगड़, घर्षण से उत्पन्न ऊष्मा से होता है, उन्हें ___ऊष्म___ व्यंजन कहते हैं।

(घ) वर्णों के समूह को ___वर्णमाला___ कहते हैं।

(ङ) कंठ, तालु, मूर्धा, दंत व ओष्ठ के स्पर्श द्वारा ___स्पर्श___ व्यंजनों का उच्चारण होता है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ-

(क) किस शब्द पर चंद्रबिंदु (अनुनासिक) लगा है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) हंस | ☐ | (ब) हँसना | ☑ |
| (स) बंदर | ☐ | (द) डॉक्टर | ☐ |

(ख) किस शब्द पर अनुस्वार का चिह्न लगा है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) चाँद | ☐ | (ब) अंक | ☑ |
| (स) हँस | ☐ | (द) प्रातः | ☐ |

(ग) निम्नलिखित में हलंत का चिह्न कौन-सा है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) ः | ☐ | (ब) ् | ☑ |
| (स) ं | ☐ | (द) ँ | ☐ |

(घ) विसर्ग (ः) के उच्चारण में कौन-सी ध्वनि निकलती है?

| | | | |
|---|---|---|---|
| (अ) अम् | ☐ | (ब) अन् | ☐ |
| (स) अह | ☑ | (द) अस् | ☐ |

4. निम्नलिखित संयुक्त व्यंजन किन व्यंजनों के योग से बने हैं?

| संयुक्त व्यंजन | जिन व्यंजनों के योग से बने हैं | | |
|---|---|---|---|
| (क) क्ष | क् | + | ष |
| (ख) त्र | त् | + | र |
| (ग) ज्ञ | ज् | + | ञ |
| (घ) श्र | श | + | र |

3. मिश्र वाक्य– जिस वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और शेष उसके आश्रित उपवाक्य होते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहते हैं; जैसे–

**वाक्य** – मैं जानता हूँ कि तुम चोर नहीं हो।

**प्रधान उपवाक्य** – मैं जानता हूँ

**आश्रित उपवाक्य** – कि तुम चोर नहीं हो।



## आपने क्या सीखा ?

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–
   - (क) शब्द किसे कहते हैं?
   - (ख) शब्दों का वर्गीकरण किन आधारों पर किया जाता है?
   - (ग) वाक्य किसे कहते हैं?
   - (घ) वाक्य के कितने अंग होते हैं? उनके नाम लिखो।
   - (ङ) वाक्य के कितने प्रकार होते हैं? उनके नाम लिखो।

2. निम्नलिखित को क्या कहते हैं?
   - (क) संस्कृत के वे शब्द जो अपने मूल रूप में हिंदी भाषा में अपना लिए गए हैं — तत्सम शब्द
   - (ख) संस्कृत के जिन शब्दों का रूप हिंदी भाषा में बदल गया है — तद्भव शब्द
   - (ग) विदेशी भाषाओं से ग्रहण किए गए शब्द — विदेशज शब्द
   - (घ) स्थानीय बोलियों से हिंदी भाषा में ग्रहण किए गए शब्द — देशज शब्द

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाओ–
   - (क) 'खिचड़ी' शब्द किस प्रकार के शब्द का उदाहरण है?
     - (अ) तत्सम [ ] (ब) तद्भव [ ]
     - (स) देशज [✓] (द) विदेशज [ ]
   - (ख) 'अग्नि' शब्द किस प्रकार का शब्द है?
     - (अ) तद्भव [ ] (ब) देशज [ ]
     - (स) तत्सम [✓] (द) विदेशज [ ]

(ग) वाक्य के अंग होते हैं-

- (अ) दो ☑
- (ब) तीन ☐
- (स) चार ☐
- (द) पाँच ☐

(घ) "वह आगरा में रहता है"- वाक्य, वाक्यों के किस रूप का उदाहरण है-

- (अ) विधेय ☐
- (ब) सरल वाक्य ☑
- (स) संयुक्त वाक्य ☐
- (द) मिश्र वाक्य ☐

**4. निम्नलिखित वाक्यों में उद्देश्य और विधेय पहचानकर उन्हें अलग-अलग करके लिखो-**

| वाक्य | उद्देश्य | विधेय |
|---|---|---|
| (क) बच्चे पढ़ रहे हैं। | बच्चे | पढ़ रहे हैं। |
| (ख) श्रेया निबंध लिख रही है। | श्रेया | निबंध लिख रही है। |
| (ग) मज़दूर पेड़ काट रहा है। | मज़दूर | पेड़ काट रहा है। |
| (घ) चिड़िया उड़ रही है। | चिड़िया | उड़ रही है। |
| (ङ) गोलू ने कुत्ते को डंडे से मारकर भगा दिया। | गोलू ने | कुत्ते को डंडे से मारकर भगा दिया। |